राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक

पाठ 12 : इसे जगाओ

कार्यपत्रक -12

1. 'इसे जगाओ' कविता में कवि ने सूरज, पवन और पंछी से सोए व्यक्ति को 'वक्त पर जगाने' के लिए कहा है। वक्त पर जगाने से क्या अभिप्राय है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

2. सोना और जागना किस प्रकार हमारे जीवन की दिशा निर्धारित करता है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

3. तेज़ गति से भागना और समय पर सजग रहना समान स्थितियाँ हैं या भिन्न। यदि भिन्न स्थितियाँ हैं तो आप किसका चयन करेंगे? कारण सहित लिखिए।

4. क्या सोए व्यक्ति को जगाने के लिए सूरज, पवन और पंछी से आग्रह करना उपयुक्त है? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए।

5. सोना और जागना महत्वपूर्ण क्रियाएँ हैं। क्या कविता में जगाने का संदेश उपयुक्त है? अपने मत की पुष्टि में तर्क दीजिए।

6. क्या 'इसे जगाओ' कविता में निहित संदेश 'समय प्रबंधन' की ओर इंगित करता है? यदि हाँ, तो आप अपने जीवन में क्या परिवर्तन लाना चाहेंगे?

7. इस कविता के परिप्रेक्ष्य में 'प्रकृति एक उत्कृष्ट शिक्षक है' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।

8. 'सहज, सरल भाषा और बातचीत की शैली में भी सुंदर और गंभीर विचार अभिव्यक्त किए जा सकते हैं'। कविता के संदर्भ में विवेचना कीजिए।

9. कविता में सपनों में खोया पड़ा व्यक्ति और समान्यतया सपने देखने वाले व्यक्ति में कोई अंतर है? यदि हाँ, तो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

10. प्रकृति के प्रति आत्मीयता मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य हैं। कविता के आलोक में सपष्ट करें।